C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:56 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:39 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 53 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 11 अगस्त 2024



औरों में कहां दम था हुई...पेज-3 पर

## सरकार गैरसैंण विधानसभा सत्र में लाएगी अनुपूरक बजट, प्रस्ताव को मिलेगी मंजूरी

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विधानसभा सत्र 21 अगस्त से होगा। प्रदेश सरकार ने फरवरी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89,230.07 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी थी। हालांकि, मौजूदा खर्च के लिए सरकार के पास पर्याप्त बजट है, लेकिन आगामी महीनों में उसे धनराशि की आवश्यकता होगी।

गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश सरकार अनुपूरक बजट भी लाएगी। वित्त विभाग ने अनुपूरक बजट का प्रस्ताव तकरीबन तैयार कर लिया



और आगामी कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव मंजूरी के लिए लाया जाएगा। गैरसैंण में 21 अगस्त से तीन दिवसीय विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने फरवरी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89,230.07 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी थी। हालांकि, मौजूदा खर्च के लिए सरकार के पास पर्याप्त बजट है, लेकिन आगामी महीनों में उसे धनराशि की आवश्यकता होगी।

अगला विधानसभा सत्र चूंकि दिसंबर तक होने की संभावना है, इसलिए अग्रिम तैयारियों के मद्देनजर वित्त विभाग ने अनुपूरक बजट लाने की तैयारी की है। अपर मुख्य सचिव (वित्त) आनंद बर्द्धन के मुताबिक, अधिकांश विभागों की डिमांड प्राप्त हो चुकी है। कुछेक और विभाग हैं, जो सोमवार तक मांग भेज देंगे। वित्त विभाग इनकी समीक्षा करने के बाद प्रस्ताव तैयार करेगा। मानसून के बाद विभागों को बजट खर्च में तेजी दिखानी होगी। अपर मुख्य सचिव वित्त ने इस संबंध में विभागों को समय-समय पर निर्देश जारी किए हैं।

बारिश का मौसम थमने के बाद विभागीय स्तर पर अवस्थापना विकास से जुड़े कार्यों पर विशेष फोकस करने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पहली तिमाही में खर्च की रफ्तार पिछले वर्ष के आसपास ही रही है। वित्त विभाग का अगली तिमाही में इसमें काफी सुधार की अपेक्षा की गई है।

## News कॉर्नर

### स्कूटी के पिछले हिस्से में आग, मची अफरातफरी

**हल्द्वानी।** स्कूटी पर सवार होकर एक युवक रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रहा था कि अचानक स्कूटी के पिछले हिस्से में आग लग गई। तब की स्कूटी चालक आगे की ओर बढ़ता जा रहा था, स्कूटी में आग लगती देखकर सड़क पर खड़ी एक महिला ने स्कूटी सवार को स्कूटी में लगी आग से अवगत कराया। स्कूटी सवार युवक ने रामपुर रोड गन्ना सेंटरके पास स्कूटी रोक कर स्कूटी से उतर गया, और इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने स्कूटी में लगी आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग बुझती तब तक स्कूटी जलकर राख हो गई। स्कूटी में लगी अचानक आग से अफरा तफरी मच गई।

### गौला नदी में नहाते समय बहा बच्चा, मौत



**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौला नदी में साथियों के साथ नहाते समय अचानक पानी के तेजबहाव में बच्चा बह गया। जिसे पुलिस ने रेस्क्यू कर गौला पुल से कुछ दूरी पर पानी से बाहर निकाला। रेलवे स्टेशन के समीप कुछ बच्चे नहा रहे थे, जिसमें एक 10वर्षीय बच्चे की नहाते हुए अचानक गौला नदी में बह गया। यह देख साथियों ने शोरगुल मचाया। जिसमें लोगों ने मामले की सूचना बनभूलपुरा पुलिस को दी। पुलिस रेस्क्यू कर बच्चे को पानी से बाहर निकाल लिया। आननफानन में उसे एसटीएच ले जाया गया। चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जिसकी शिनाख्त नहीं अमरजीत पुत्र राजेन्द्र (10वर्ष) निवासी राजपुरा के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

शरारती तत्वों ने ट्रेन जनरल कोच में अग्निशमन यंत्र चलाया

## ट्रेन में आग की अफवाह से मचा हड़कंप, 20 यात्री घायल, 7 गंभीर

शाहजहांपुर

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में रविवार सुबह बड़ी घटना हुई है। बरेली और कटरा स्टेशन के बीच पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई, जिससे यात्री ट्रेन से कूदने लगे। इससे 20 यात्री घायल हो गए हैं।

हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस की जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में ट्रेन से नीचे कूदने से करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

रविवार की सुबह करीब 8:00 बजे बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच ट्रेन के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह पर चालक ने गाड़ी को रोक दिया। ट्रेन की आधी बोगी नदी के पुल पर और आधी बाहर थी।



गाड़ी के रुकते ही यात्रियों ने नीचे कूदने लगे।

अफरातफरी का माहौल हो गया। हादसे में कई लोगों के चोट आई है। कई बोगी खाली होने के बाद चालक और गार्ड ने चेक किया तो सब कुछ ठीक मिला। इसके बाद घायलों को महिला और गार्ड बोगी में सवार कर शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया। वहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार सुबह 10-10 पर ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रोका गया। रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ के जवान पहुंच गए।

पांच एंबुलेंस को बुला लिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल सात लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस बीच 30 मिनट तक ट्रेन रुकी रही। जांच में सबकुछ सही मिलने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

## महिला को तीन लोग सम्मोहित कर ले गए अंजान स्थान पर सोने के जेवरात व नगदी लूटी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**मुकदमा**
- सोढ़ी कालोनी जाने के लिए इंदिरा चौक पर वाहन की प्रतीक्षा कर रही थी महिला

चौकी रम्पुरा क्षेत्र अज्ञात तीन लोगों ने एक महिला को संमोहित कर अज्ञात स्थान पर ले जाकर उससे सोने के जेवरात समेत नगदी लूटने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

रम्पुरा निवासी रामेश्वरी देवी पत्नी तेज सिंह ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में रनवीर स्टेट सोढ़ी कालोनी तहसील बिलासपुर रामपुर यूपी में रह रही हैं। 22 जुलाई 2024 समय लगभग दोपहर ढाई बजे मुख्य बाजार रुद्रपुर से घरेलू सामान लेकर गाँधी कालोनी के रास्ते से इंदिरा चौक पर घर जाने के लिए टुक-टुक वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी उसके पास अज्ञात 3 व्यक्ति आये जिन्हे जिन्हें वह जानती नहीं है। तीनों ने उससे बातें करने लगे और संमोहित कर उसे सुनसान रास्ते पर लेकर जाने लगे। बताया कि जब उसे कुछ होश आया तो वह ब्लॉक वाले रास्ते खड़ी। उससे जबरदस्ती सोने के कुंडल, सोने की गले की चेन समेत 5000/- रुपये जो पर्स में रखें थे लूट लिए।

तीनों पर किसी को घटना से अवगत कराने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। दी की किसी को बताया तो जान से मार देंगें। पीड़िता ने बताया कि उसने पूरी घटना से परिजनों को बताया। उसके पुत्र ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज खंगालें जा रहे हैं।

## गोबर गैस टैंक की सफाई के दौरान हादसा, टैंक में उतरे दंपती की मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

युवक टैंक की सफाई कर रहा था। इस दौरान वह बेहोश हो गया। पति को देखते ही पत्नी भी टैंक में उतर गई। इस दौरान दोनों की मौत हो गई।

हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गोबर गैस टैंक की सफाई करने गए दंपती की दम घुटने से मौत हो गई है। दपंती मूलरूप से बदायूं जिले के रजऊ कस्बा के रहने वाले थे। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुखानी के आदर्श नगर निवासी जगदीश जोशी की बिठ्रिया नंबर फेस एक में गोशाला है। जहां पर मटरू लाल(40) काम करता था और परिवार के साथ यहीं पर रहता था।



जगदीश के अनुसार, रविवार की सुबह उन्होंने टैंकर मांगकर गोमूत्र का टैंक साफ करवाया। टैंक में थोड़ा गोमूत्र बच गया था। जिसे साफ करने के लिए मटरू उतर गया।

दम घुटने से वह टैंक के अंदर बेहोश हो गया। उसकी पत्नी रानी(35) उन्हें बचाने के लिए टैंक में गई। दम घुटने से वह भी बेहोश हो गई। दोनों को बमुश्किल टैंक से बाहर निकाला गया। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि निजी अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है।

## तुंगनाथ घाटी में मूसलाधार बारिश से भू-धंसाव, पुल पर भी खतरा

रुद्रप्रयाग

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में इन दिनों मौसम खराब है। बीती रात तुंगनाथ घाटी में मूसलाधार बारिश से काफी नुकसान हुआ है। कुंड-ऊखीमठ-चोपता-गोपेश्वर राजमार्ग पर कई जगहों पर भू-धंसाव हुआ है।

वहीं, रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को केदारघाटी व केदारनाथ से जोड़ने के लिए कुंड स्थित मंदाकिनी नदी पर बना लोहे के पुल पर खतरा मंडराने लगा है। पुल पर भी दरारें पड़ गई हैं। नदी के तेज बहाव से पुल के एक पिलर की बुनियाद तेजी से खोखली हो रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बता दें कि तुंगनाथ घाटी के उसाड़ा गांव में मंदाकिनी आकाशकामिनी नदी उफान पर है। जिसके तेज बहाव से व्यापक भू-कटाव हुआ है। गांव में खेती से लेकर रास्तों और कुंड-



गोपेश्वर हाइवे पर भी दरारें पड़ गई हैं। केदारघाटी में लगातार हो रही बारिश से मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बहाव तेज हो गया है। जिससे कई जगहों पर तेजी से भू-कटाव हो रहा है। नदी के तेज बहाव से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंड में बना लगभग 48 मीटर स्पान के लोहे का पुल भी खतरे की जद में आ गया है। पुल का एक पिलर नदी के बहाव से खोखला हो रहा है, जिससे बड़े खतरे की आशंका है। जिस तरह से पानी की तेज लहरें पिलर की बुनियाद को खोखली कर रही है, उससे क्षेत्रीय जनता के साथ ही प्रशासन व एनएच के अधिकारियों की चिंता भी बढ़ गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड, लोनिवि के अधिकारियों ने रविवार को पुल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अब, भारी वाहनों को कुंड-चुन्नी बैंड-विद्यापीठ से गुप्तकाशी के लिए रवाना किया जा रहा है।

# एसआई को गैर हाजिर पर किया निलंबित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



विवेचकों का आदेश कक्ष लेने के दौरान एसएसपी पीएन मीणा सख्त लहजे में नजर आए। उन्होंने जहां विवेचनाधिकारियों को आवंटित विवेचनाओं से जुड़े सभी लीगल पहलुओं तथा विवेचना की अध्यावधिक स्थिति के बारे में जानकारी ली वहीं विवेचकों से पंजीकृत मामलों में निष्पक्ष विवेचना करने के आदेश दिए।

आदेश कक्ष में एक एसआई के गैर हाजिर होने को उन्होंने गंभीरता से लिया और उसे निलंबित कर दिया। शनिवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बहुउद्देशीय भवन में कोतवाली हल्द्वानी के विवेचकों का आदेश कक्ष लिया। एसएसपी ने आदेश कक्ष में अनुपस्थित रहने पर एसआई सुशील जोशी को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं जाएगी। एसएसपी पीएन मीणा ने वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तार के लिए टीम गठित कर उनकी धर पकड़ करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मातहतों को क्वालिटी विवेचना में फोकस करने को कहा ताकि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में आसानी हो सके। एसएसपी ने 420 मामलों में कोताही नहीं बरतने की हिदायत भी दी। खाता संबंधी मामलों में संलिप्तता होने पर वेरीफाई करने वाले बैंकों के खिलाफ भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने क्रॉस एफआईआर वाले प्रकरण में घटनाक्रमानुसार न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित करने की बात कही। बैठक में सीओ नितिन लोहनी, प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक, प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल, प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, मुखानी पंकज जोशी समेत कई विवेचक मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में आरएफसी कर्मी लापता

**हल्द्वानी।** संदिग्ध हालत में आरएफसी में कार्यरत एक व्यक्ति लापता हो गया है। पत्नी की ओर से मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। मूल रूप से बबियाड़ दूदली नैनीताल हाल निवासी एबीएम सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल परिसर फतेहपुर निवासी गीता देवी ने मुखानी थाने में तहरीर दी है कि उनके पति यमुना दत्त शर्मा पुत्र बच्ची राम आरएफसी में कार्यरत हैं। बीती 18 जुलाई से वह संदिग्ध हालत में लापता हैं। उनकी हर जगह ढूंढ खोज की गई लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। उनके बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। उनका मोबाईल नंबर भी बंद आ रहा है। वह अपने साथ अपना आधार कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा की चैक बुक एवं पास बुक और एचडीएफसी बैंक का एक चैक ले गये हैं। महिला ने पति की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## भाजपा नेता चुघ ने खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में पंखे और इनवर्टर का सहयोग किया

**रुद्रपुर।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ और राजेंद्र तुलस्यान ने खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के कक्ष के लिए पंखे और इनवर्टर का सहयोग प्रदान किया। चुघ ने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं आने वाले भविष्य का आधार हैं,क्योंकि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा ज्ञान का भंडार है जिससे हर युवा पीढ़ी ऊंचाइयों को छू सकती है। समाजसेवी राजेंद्र तुलस्यान ने कहा कि आज के समय में ऐसे कई बच्चे जो शिक्षा से वंचित रह जाते हैं उन्हें शिक्षित करना समाज की जिम्मेदारी है और वह हर संभव प्रयास करेंगे कि समाज का हर बच्चा शिक्षित हो। इस दौरान पिंटू पाल संजय पाल प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा, आशा अरोड़ा ,अनु यादव ,हर्ष बाला शर्मा ,जसविंदर कामरा, ललिता रौतेला, रुद्राणी शर्मा, शालिनी शर्मा ,तारा बुधलाकोटी, प्रवीण गाबा, पुष्पा ढाली, सनी पासवान,राहुल वर्मा ,दीपक राठौड़ आदि मौजूद थे।



## एक माह बीतने पर भी आंदोलित कर्मियों ने की नियमितिकरण को लेकर नारेबाजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रदेश सरकार की ओर से एक माह बीत जाने के बाद भी नियमितिकरण के मुद्दे पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी है जिसकी वजह से कुमाऊं व गढ़वाल विकास निगम के आंदोलित कर्मचारियों का गुस्सा लगातार बढ़ते ही जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नैनीताल में आंदोलित कर्मियों ने नारेबाजी कर अपने गुस्से का इजहार किया। इससे पूर्व दीप चंद जोशी, अर्जुन बोरा, प्रेम प्रकाश, पवन चौधरी, भुवन चौधरी, हंसी देवी तथा सुनीता आदि आंदोलित कर्मचारियों ने संयुक्त मोर्चा कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में केव गार्डन में पौधरोपण किया। इस दौरान कंचन चंदोला ने कहा कि जब तक नियमितीकरण नहीं हो जाता और कर्मचारियों को उचित वेतन वृद्धि नहीं होती तब तक कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने संयुक्त कर्मचारी गढ़वाल मंडल तथा कुमाऊं मंडल विकास निगम महासंघ को पुरजोर समर्थन देने की सभी कर्मचारियों से गुजारिश की जिससे समस्या का समाधान अति शीघ्र हो सके। कहा कि महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के द्वारा 10000 पौध रोपण जो लक्ष्य दिया गया है उसे समस्त कर्मचारी 15 अगस्त तक पूरा करें साथ ही अभियान रोज जारी रखें।

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि और पूर्व सैनिकों को किया जाएगा सम्मानित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन के तत्वाधान में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा। रविवार को सिटी क्लब में पत्रकार वार्ता में संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था समाज में अपराध, भ्रष्टाचार, नशा और भय मुक्त वातावरण पर काम कर रही है।संस्था कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिवारों को सम्मानित कर अपने आप को गौरवांवित महसूस करेगी ।ऐसे में कार्यक्रम में समाज के हर व्यक्ति को कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी भागीदारी करनी चाहिए और शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित करनी चाहिए। कार्यक्रम में तराई को आवाज करने वाले शहीद भगत सिंह के भाई की पीढ़ी के लोग बाजपुर की जनता फॉर्म में निवास करते हैं वह पहुंचकर शोभा बढ़ाएंगे । संस्था के अध्यक्ष निरवैर सिंह एवं सचिव प्रदीप मारकुश सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश पुंशी, महिला जिला अध्यक्ष संध्या सक्सेना समेत निर्मलजीत सिंह, उपदेश कुमार अमरजीत सिंह ,अनीता सिंह, रागिनी मिश्रा,हरजीत सिंह,चानन लाल, प्रेम कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी महेंद्र कुमार आदि संस्था सदस्य मैजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### हमीरा को मिला महिला अचीवर्स अवार्ड



**नैनीताल।** नैनीताल की बेटी हमीरा मलिक ने महिला अचीवर्स अवार्ड 2024 पाकर नए कीर्तिमान के साथ नगर व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। हमीरा मॉडल और न्यूज एंकर हैं। यह अवार्ड 10 अगस्त को दिल्ली के कंस्टीटिशनल क्लब ऑफ इंडिया में जम्मू कश्मीर की कमिशनर मीनू महाजन ने उन्हें अयोजित समारोह में अवार्ड से सम्मानित किया। आयोजन समारोह में जितेंद्र मनी, विजय सिंह,संजय अम्बास्ता, रश्मि सिंह, चिराग गोठी, केएस भाटी, कोमल निरुला,डॉ. अलीम,प्रदीप फुतेला समेत अन्य लोग मौजूद रहें। हमीरा मलिक की शैक्षिक पृष्ठभूमि गौरवशाली रही है। नैनीताल के आल सेंट्स कॉलेज और सेंट जेवियर्स में अध्ययन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर आलसेंट्स कालेज की प्रधानाचार्या किरन जरमाया, सेंट जेवियर के प्रिंसिपल नईम खान समेत अन्य लोगों ने बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की ।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**रुद्रपुर।** नारायण हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भगवती ब्लड सेवा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन समाजसेविका विपुला रानी के जन्मदिवस पर थैलेसीमिया मरीजों के लिए रक्त इकट्ठा किया गया। डॉ0 सोनिया अदलखा ने बताया नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। डॉ0 प्रशांत चौहान ने बताया थैलेसीमिया एक गंभीर रोग है जो माता - पिता से ही बच्चों में यह रोग फैलता है। इनके शरीर में खून की कमी हो जाती है। शिविर में दान किए गए रक्त को मुख्य रूप से थैलेसीमिया के मरीजों के ईलाज के लिए प्रयोग किया जाएगा। आयोजन की सफलता मे राजन सिंह, अतुल कुमार वार्ष्णेय, उदय वार्ष्णेय, लोचन वार्ष्णेय, अग्रिम वार्ष्णेय, राकेश दास, अनुज शर्मा रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## रुद्रपुर में बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदू समाज में रोष

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर भारत सरकार से हिंदुओं की रक्षा करने की मांग उठाई। बंगाली समुदाय ने भी बंगलादेश के कट्टरपंथी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि हिंदुओं का उत्पीडन बंद करें।

अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे। रविवार को रोडवेज के समीप रामलीला मैदान में एकत्रित हुए बंगाली समाज के सैकड़ों की संख्या एकत्रित हुए। यहां से डीडी चौक समेत अन्य जगहों से निकाल कर बांग्लादेश में हिन्दू परिवारों के उत्पीडन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुनः रामलीला मैदान में पहुंचे। यहां पर सभा हुई। इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, दिलीप अधिकारी,केके दास,परिमल राय, चंदशेखर गांगुली,शिवपद सरकार, ममता हालदार, तरुण दत्ता, अमित वैध, बबलू सागर, जीवन राय आदि ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए भारत सरकार से बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वहां पर हिंदू मंदिर भी तोड़े जा रहे हैं।

भारत सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। ताकि वहां रह रहा हिंदू परिवारों की रक्षा हो सके। उन्होंने भारत सरकार से बांग्लादेशी हिंदुओं को भारत में लाने की मांग की। यहां काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गंगापुर कबडवाल में बन रही गौशाला में 2500 पशु रखे जाएंगे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



नगर निगम की ओर से गंगापुर कबडवाल में बनाई जा रही गौशाला में 2500 गोवंशीय पशुओं को रखने की व्यवस्था की जा रही है। गौशाला में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह जानकारी नगर निगम के अधिकारियों ने दी।

नगर निगम के उपनगर आयुक्त तुषार सैनी, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सहायक अभियंता नवल नौटियाल, सफाई निरीक्षक अमोल असवाल व चतर सिंह ने टीम के साथ गंगापुर कबडवाल में गौशाला का निरीक्षण किया। यहां प्रथम फेज का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है, दूसरे फेज की डीपीआर तैयार कर शासन में स्वीकृत एवं धनराशि आवंटन के लिए भेजी जा रही है। इसके तहत दो शेड का और निर्माण किया जाना है। इसमें एक बिल्डिंग बनाई जानी हैं और उसमें दो भूसा रखने के लिए स्टोर का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। गौशाला में लगभग 2500 गायों को रखे जाने की व्यवस्था की जा रही है। अभी वहां 316 गौवंश रखे गए हैं। इनकी व्यवस्था नित्यानंद पाद संस्था कर रही है। निगम अधिकारियों ने बताया कि राजपुरा गौशाला में 195 गौवंश रखे गये हैं, यहां एक टिन शेड का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही जलभराव की समस्या के लिए नाली का निर्माण शुरू कर दिया गया है, यहां 400 गौवंश रखने की व्यवस्था की जा रही है।

# अभिमत

## सम्मान का हक

*उत्तराखंड का शायद ही कोई जिला होगा, जिसका कोई लाल कारगिल में शहीद नहीं हुआ होगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों के आश्रितों को 10 लाख की जगह 50 लाख रुपये अनुदान की घोषणा की। इसके साथ ही राज्य सरकार के सभी विभागों में शहीदों के आश्रितों को दो वर्ष में नियुक्ति देने की समय सीमा को बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया है। पूरे देश में कारगिल विजय दिवस जरूर मनाया गया, लेकिन सच यह है कि शहीदों के बलिदान का सम्मान और आश्रितों का हक उत्तराखंड सरकार ने दिया है। मुद्रा का अवमूल्यन और लगातार बढ़ती महंगाई के कारण शहीद के आश्रितों को 10 लाख रुपये अनुदान से आर्थिक जरूरत की पूर्ति नहीं की जा सकती है।*

पाकिस्तान के साथ कारगिल में हुई लड़ाई में भारतीय सेना की विजय पर हर साल विशेष आयोजन किये जाते हैं। कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। वर्ष 1965 और वर्ष 1971 में पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। 1965 में भारतीय जवानों ने पाकिस्तानी सेना को नियंत्रण रेखा से कई किलोमीटर दूर तक खदेड़ दिया था। युद्ध विराम होने पर पाकिस्तान के तानाशाह सेनाध्यक्ष गिड़गिड़ाये और भारत ने विजयी भूभाग को वापस करके अपने सैनिकों को नियंत्रण रेखा तक बुला लिया। पाकिस्तान ने सबक नहीं सीखा तथा वर्ष 1971 में हमला कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दोफाड़ करके तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराकर दुनिया के मानचित्र पर नये राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण कर दिया। पाकिस्तान सीधे युद्ध का साहस नहीं कर पा रहा है। चोरी-छिपे बंकर बनाकर भारतीय सेना को क्षति पहुंचाने का षडयंत्र रचा। भारत ने वर्ष 1999 में कारगिल क्षेत्र में बंकर नष्ट करने के लिए संघर्ष किया। कारगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के अनेक जवान शहीद हुए। बंकर नष्ट करके पाकिस्तानी सेना को खदेड़ दिया। किसी भी युद्ध में उत्तराखंड के सैनिकों ने हमेशा योगदान किया है। कारगिल की विजय गाथा देवभूमि उत्तराखंड के शहीदों के बलिदान के बिना अधूरी रह जायेगी। उत्तराखंड का शायद ही कोई जिला होगा, जिसका कोई लाल कारगिल में शहीद नहीं हुआ होगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों के आश्रितों को 10 लाख की जगह 50 लाख रुपये अनुदान की घोषणा की। इसके साथ ही राज्य सरकार के सभी विभागों में शहीदों के आश्रितों को दो वर्ष में नियुक्ति देने की समय सीमा को बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया है। पूरे देश में कारगिल विजय दिवस जरूर मनाया गया, लेकिन सच यह है कि शहीदों के बलिदान का सम्मान और आश्रितों का हक उत्तराखंड सरकार ने दिया है। मुद्रा का अवमूल्यन और लगातार बढ़ती महंगाई के कारण शहीद के आश्रितों को 10 लाख रुपये अनुदान से आर्थिक जरूरत की पूर्ति नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री धामी सैनिक के पुत्र हैं। उनके हृदय में सैनिकों, शहीदों की वीरांगनाओं व आश्रितों के प्रति हमेशा सम्मान रहता है। कारगिल विजय दिवस पर वीरांगनाओं को सम्मानित करते हुए चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेकर मुख्यमंत्री धामी ने अन्य लोगों को प्रेरणा के लिए प्रेरित किया है। पाकिस्तान ने आतंकवाद के जरिये छद्म युद्ध छेड़ रखा है। आतंकवादी घटनाओं में भी सेना के अनेक जवान शहीद हो चुके हैं। उत्तराखंड के लाल आतंकवादियों के हमले में शहीद हो रहे हैं। केन्द्र सरकार को शहीदों के आश्रितों को हरसंभव मदद का प्रावधान करना चाहिए।

# चिल्ड्रन पेरेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल चिल्ड्रन पेरेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि एसोसिएशन का पंजीकरण करा लिया गया है। एसोसिएशन के सदस्यों के बीच संगठन की मूल जरूरत पर चर्चा हुई।

बैठक में पेरेंट्स की एकता से मामलों को स्कूल प्रबंधन के सामने रखने पर चर्चा, बच्चों की समस्याओं पर चर्चा, स्कूलों में किन कमियों के कारण छात्र छात्राओं की संख्या गिर रही है, स्कूलों में कम होती एक्स्ट्रा केलिक्यूलर एक्टिविटी, एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली अलग अलग एक्टिविटी, शिक्षा का गिरता स्तर, चाइल्ड सेफ्टी, नशा, सफल बच्चों को सम्मानित करना समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन में एकमत से निर्णय लिया गया कि सदस्यों की संख्या बढायी जाएगी। सदस्यों के एक अनुमान अनुसार वर्षभर के 365 दिनों में से 211 दिन छुट्टी रही।

तय किया गया कि जल्द ही एसोसिएशन का शिष्टमंडल जिलाधिकारी वंदना सिंह से मिलकर नियमानुसार स्कूल खुलने का समय कम कर दिन बढाने की मांग करेंगे। आरोप लगाया कि किसी भी क्लास का सैलेब्स पूरा नहीं होता जिसके लिए स्कूलों से मिला जाएगा। स्कूलों द्वारा छोटे छोटे अंतराल में एग्जाम रखने पर नई शिक्षा नीति में एग्जाम नहीं बल्कि लर्निंग आउटकम लागू करने पर जोर दिया गया।

कहा गया कि आरटीई के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक 30 बच्चों में 1 और उसके ऊपर 35 बच्चों में 1 शिक्षक रखकर नियम का स्कूल पालन करें, डेस्कॉलर और बॉर्डर के बीच स्कूल की तरफ से किये जाने वाले भेदभाव को तत्काल रोका जाए। स्कूलों में योग्य एकेडमिक काउंसलर रखने पर भी बात हुई। स्कूलों द्वारा परिजनों से ली जा रही अंडरटेकिंग पर सवाल उठाए गए। मांग की गई कि पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग समय समय पर होनी चाहिए। बच्चे का स्कूल बैग उसके बॉडी वेट का दस प्रतिशत ही हो सकता है। सौ रुपया मेम्बरशिप रखी गई, जिसे ऑनलाइन भी जमा करने की व्यवस्था भी रखी गई है। बैठक में निवेदिता, शैली, मनीष, पूजा, कविता, मोहिता, ममता, हरिप्रिया, यादवेंद्र, साबिहा,नाहिद, पुरषोत्तम, मोनिका, कुमकुम, नेहा, एकता, अशोक तथा कृपा और विमला समेत दर्जनों पेरेंट्स शामिल हुए।

# हल्द्वानी की निकिता बनीं मनोवैज्ञानिक



**हल्द्वानी।** शहर के हीरा विहार कैनाल रोड मल्ला गोरखपुर तिकोनिया निवासी निकिता गोनिया परामर्श मनोवैज्ञानिक (काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट) बनी हैं। उन्होंने एमबीपीजी कॉलेज से मास्टर्स किया है।

निकिता ने मैनोमेटिक्स जयपुर से काउंसलिंग की और अब वह प्रेक्टिकली कर रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता व समाजसेवी हेमंत गोनिया, माता हेमा गोनिया, रूपा अधिकारी, खष्टी बिष्ट, सुनीता नदगली, नीमा क्वीरा, गुंजन बोरा, अनीता नौला, प्रेमा राणा, पूनम फर्त्याल, कविता बिष्ट, अमिता राणा, पान सिंह नयाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जगमोहन बगडवाल, अमित रस्तोगी हरि चंद्र जोशी, मयंक शर्मा, अतुल बिष्ट, पूजा बिष्ट आदि ने हर्ष जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन का साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम जारी, सौ पौधे रोपे



**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन का साप्ताहिक पौधारोपण अभियान आज भी जारी रहा। फाउंडेशन सदस्यो ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय कच्ची खमरिया में लगभग सौ पौधे रोपे। इस दौरान मौजूद स्कूली बच्चों ने इन पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

आओ पौधे लगाए, धरा को हरा भरा बनाए अभियान के तहत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आम,अर्जुन, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।इस अभियान में स्कूल के बच्चों ने भी सहभागिता निभाई।

राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि पर्यावरण को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाने में पेड़ पौधों की भूमिका सबसे बड़ी होती है।पेड़-पौधों के द्वारा प्रकृति, पर्वत, नदी, भूमि और वायु की स्थिति मजबूत होती है। यह हमारे जीवन को स्वच्छ और सुखद बनाते हैं इसलिए हम सभी को समझदारी, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ पर्यावरण को बचाना होगा। उन्होंने स्कूली बच्चों से पौधो की देखभाल अपने छोटे भाई के रूप में करने की अपील की। फाउंडेशन की महिला उपाध्यक्ष सुमन मिश्रा ने कहा कि प्रकृति के साथ तालमेल आवश्यक है। विकास की दौर में इंसान पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।प्रधानाचार्य महमूद तारिक,मुनीन्द्र कुमार,ओंकार सिंह ढिल्लो,संजय ठुकराल,अजय कुमार सिंह,मानस राय,पप्पू मिश्रा,चंद्र कला राय,सोनम सिंह,सुमन मिश्रा,मैरी थापा,तरुण कालरा,तेजस ढिल्लो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## औरों में कहां दम था हुई बुरी तरह फ्लॉप



*अजय देवगन और तब्बू की फिल्म औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई है। दो बड़े सितारों और नीरज पांडे जैसे शानदार निर्देशक के बावजूद यह फिल्म कमाई के लिए तरस रही है। 2 अगस्त 2024 को रिलीज हुई यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धराशायी नजर आ रही है। आइए जानते हैं कि फिल्म ने नौवें दिन कितना कलेक्शन किया। यूं तो अजय देवगन के करियर में उनकी बहुत सी फिल्में असफल रही हैं, लेकिन औरों में कहां दम था का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन ऐसा रहेगा इसकी कल्पना खुद अभिनेता ने भी नहीं की होगी। फिल्म की ओपनिंग अक्षय कुमार की फ्लॉप फिल्म सरफिरा से भी कम रही और पहले सप्ताहांत में ही इस फिल्म का दम निकल गया। वहीं, पहले हफ्ते में इस फिल्म ने महज 10.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते में भी यह फिल्म महज लाखों में कमाई कर रही है। आठवें दिन फिल्म ने 35 लाख रुपये का कलेक्शन किया। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक नौवें दिन फिल्म ने 37 लाख रुपये का कारोबार किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 10.82 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म औरो में कहां दम था का बजट करीब 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस हिसाब से यह फिल्म अपनी लागत का महज 10 फीसदी कमाई ही भारतीय बॉक्स ऑफिस से कर सकी है। अजय देवगन जैसे सितारे की मौजूदगी भी इस फिल्म की किस्मत नहीं बदल सकी है।*

### जल्द ही सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं

*वर्क फ्रंट की बात करें तो इस फिल्म के बाद अजय जल्द ही सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। फिल्म में उनके अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर जैसे सितारे दिखेंगे। वहीं, वह रेड के सीक्वल में भी जल्द ही अपनी अदाकारी का जादू दिखाते नजर आएंगे।*

# भाजपा मंडल नैनीताल की बैठक आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल की बैठक शनिवार को नैनीताल क्लब में हुई। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र ढैला ने पार्टी के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के विस्तार से जानकारी दी।

ढैला ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर हर बूथ पर 100 घरों पर तिंरगा झंडे लगाएंगे। इसके अलावा 13 अगस्त (मंगलवार) को मल्लीताल चीना बाबा मंदिर परिसर से तिरंगा यात्रा मल्लीताल बाजार होते हुए निकलेगी जिसका पंत पार्क पर समापन होगा। ढैला ने कहा कि इसी क्रम में 14 अगस्त (बुधवार) को विभाजन विभीषिका दिवस पर फ ोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा उसी दिन शाम को महापुरुषों के स्मारकों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में नैनीताल मंडल के प्रभारी देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह एकजुट होकर बूथ स्तर पर इन कार्यक्रमों को मिलकर सफ ल बनाएं। बैठक में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र सिंह बिष्ट व सह संयोजक संतोष कुमार समेत सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में तथा संचालन महामंत्री मोहित लाल साह ने किया।



News कॉर्नर

## बाल संरक्षण पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**रुद्रपुर।** ज़िलाधिकारी उदयराज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किच्छा में बाल संरक्ष पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग अन्यर्गत संचालित चाइल्ड हेल्प लाईन और बाल कल्याण समिति ने बालिकाओं को चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, बाल विवाह, पोक्सो, बाल श्रम, गुड टच बेड टच, आदि के संबंध मैं जानकारी दी। बाल कल्याण समिति से पुष्पा पानू और चाइल्ड हेल्प लाईन से केंद्र समन्वयक चांदनी रावत और काउंसलर सुनील कुमार ,प्रधानाचार्य सुनीता यादव,डा वीना पाठक समेत अन्य स्टाफ मौजूद थे। इस दौरान स्कूल के 200 छात्राएं प्रतिभागी थे।

## आरएएफ और पुलिस का फ्लैग मार्च

**रुद्रपुर।** शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस और आरएएफ के जवानों ने अति संवेदनशील वार्ड में फ्लैग मार्च निकाला। शनिवार को मेरठ 108 बटालियन आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रेम थापा,द्वितीय कमान अधिकारी सुनील कुमार रंजन,कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर जगदीश ढकरियाल, एसएसआई अशोक कुमार,बाजार पुलिस चौकी प्रभारी विजय सिंह,एसआई विकास कुमार,एसआई मोहन चंद्र जोशी समेत पुलिस और आरएएफ के जवानों का फ्लैग मार्च कोतवाली से प्रारंभ हुआ। फ्लैग मार्च रंपुरा बस्ती, भदईपुरा, पहाड़गंज से होते हुए खेड़ा कालोनी,सीर गोटिया वार्डों में घूमी। इसके बाद कोतवाली पहुंच फ्लैग मार्च समाप्त हुआ। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस व आरएएफ के जवान मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के साथ ही अन्य त्योहार भी आ रहे हैं।

# ग्रामीण युवाओं को बढ़ते शैक्षिक अवसरों के साथ सही जागरुकता की अनिवार्यता




**दीप्ति दुबे**
प्रवक्ता (इतिहास) सर्वोदय कन्या विद्यायल
न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली



दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका होने के नाते, मुझे विभिन्न पृष्ठभूमि के बच्चों को शिक्षित करने का सौभाग्य मिला है। शिक्षा के क्षेत्र में कई सालों का अनुभव होने के बाद मैंने देखा है कि कैसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के बीच अवसरों और जागरुकता का अंतर होता है। विशेष रूप से ग्रमीण युवाओं के लिए शैक्षिक अवसरों के बढ़ते दायरे के साथ सही जागरुकता की अनिवार्यता एक महत्वूर्ण मुद्दा बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षिक संस्थानों का विस्तार गुणवत्ता में वृद्धि की गई है। स्कूलों में बुनियादी ढांचे का विकास, डिजिटल शिक्षा का प्रचलन और शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकों का समावेश हुआ है। फिर भी, इन अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए सही जागरूकता का होना आवश्यक है। इस संदर्भ में मैं एक वास्तविक जीवन की एक कहानी साझा करना चाहूंगी, जो इस मुद्दे को उजागर करती है। यह कहानी है सविता की, जो दिल्ली के पास एक छोटे से गांव की रहने वाली है। सविता के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी, लेकिन उसके माता ने उसकी शिक्षा पर हमेशा ध्यान दिया। सविता का सपना था कि वह एक दिन एक सफल डाक्टर बने और गांव के लोगों की मदद करे। सविता के गांव में सरकारी स्कूल था, लेकिन वहां के शिक्षक और सुविधाएं सीमित थीं, फिर भी सविता ने कड़ी मेहनत से पढ़ाई की और अपने स्कूल में हमेशा अव्लव आई। जब वह दसवीं कक्षा में पहुंची, तो उसे अपने आगे की शिक्षा के लिए मार्गदर्शन की आवश्यकता थी। उसके स्कूल में एक शिक्षक ने उसे दिल्ली के एक अच्छे सरकारी स्कूल में दाखिला लेने की सलाह दी, जहां अधिक अवसर और बेहतर संसाधन उपलब्ध थे।

सविता के माता पिता ने उसे दिल्ली भेजने का निर्णय लिया। दिल्ली आकर सविता को एक नए माहैल में ढलने में थोड़ी कठिनाई हुई, लेकिन उसने अपनी मेहनत और समर्पण से भी चुनौतियों का सामना किया। उसने दिल्ली के स्कूल में अपनी पढ़ाई जारी रखी और हर परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त किए। दिल्ली के स्कूल में सविता को नए नए शैक्षिक अवर मिले। उसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिला। उसने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने अपने शिक्षकों से करियर काउंसलिंग भी ली। जिससे उसे मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही दिशा मिली। यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि सविता को इन सभी अवसरों का लाभ इसलिए मिल पाया क्योंकि उसे सही समय पर सही जागरुकता मिला। उसके शिक्षक और माता पिता ने उसे सही मार्गदर्शन दिया। सविता की कहानी इस बात का उदाहरण है कि कैसे शैक्षक अवसरों का सही उपयोग और जागरुकता से किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। ग्रामीण युवाओं के लिए शैक्षिक अवसरों का विस्तार बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है सही जागरूकता का होना। कई बार देखा जाता है कि ग्रसमीण क्षेत्रों में बचे और उनके माता-पिता शैक्षिक अवसरों और सरकारी योजनाओं के बारे में अनजान होते हैं। इस कारण वे इन अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते और उनकी प्रतिभा और क्षमता अनदेखी रह जाता है।

### शिक्षा के महत्व का प्रचार-प्रसार

शिक्षा के महत्व का प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व को समझाने के लिए अभियान चलाए जाने चाहिए। गांवों में जनसंभाओ, कार्यशालाओं और सेमिनारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्हें बच्चों की शिक्षा के महत्व और शैक्षिक अवसरों के बारे में सही जानकारी देनी चाहिए।

# दबंगों ने घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को बेल्टों से पीटा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक को आधा दर्जन दबंगों ने घेराबंदी कर उससे गाली गलौज करते हुए बेल्टों से बेहरमी से पीटा। बाद में जान से मारने के इरादे से धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्राम सैंजनी निवासी संदीप पुत्र सिपाही लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 2 अगस्त 2024 को शाम 6.30 बजे अपने मित्र महेन्दर के साथ बाईक से घर आ रहा था । रास्ते में संदीप चौहान पुत्र काशी व रोहित चौहान पुत्र राधे ने अपने 3-4 अन्य साथियों के साथ घेर लिया।



आरोप है कि उसे बाइक से नीचे उतार लिया और गालियों देते हुये लात घूसों और बैल्ट से मारपीट की। कह रहे थे तू हम लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत करता है। आज तुझे पुलिस के पास जाने लायक नही छोड़ूगें। बताया कि इसी बीच उसकी माता उमा रानी एक सीडस प्लॉट से छुटटी से घर जा रही थी और भाई दीपक शिमला की तरफ से आ रहा था। पीड़ित के मुताबिक संदीप चौहान एवं उसके साथियों नें उसे पकड़ लिया और रोहित चौहान ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से जोरदार हमला कर दिया वह लहूलुहान हो गया। आरोप है कि मौके पर लोगों के एकत्रित होता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

**हमला**
- जान मारने के इरादे से हमला किया
- दो नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

# पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय मानव अधिकार और एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में सुभाष नगर स्थित प्राइमरी विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

कार्यक्रम में फलदार व तेज पत्ता, अशोक ,अमरूद, हरसिंगार, आम, लीची जामून, पीपल,कई प्रकार के शोपीस पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप ने बताया समय-समय पर संगठन द्वारा इस तरह की कार्यक्रम किए जाते हैं जिससे यह पौधे बड़े होकर हम सभी को छांव पहुंचते हैं। कार्यक्रम में राष्टीय सचिव शरीफ खान प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत प्रदेश अध्यक्ष शोभा बिष्ट, प्रदेश मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण प्रधानाचार्य फराह खान,,दीपा खत्री, शशी गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, जिला उपाध्यक्ष दिनेश मंडल, गंगा प्रसाद,शायमा सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, अमित आर्य, रोहित दिवाकर, नंदा त्रिपाठी, कमला अधिकारी, पूजा कंबोज, प्रीति पांडे, भोजन माता कमला पनेरु, मुन्नी देवी, आदि लोग मौजूद थे।



# स्व.निर्मल पांडे को जयंती पर किया याद



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सिने व रंगमंच अभिनेता स्व. निर्मल पांडे की जयंती के अवसर पर प्रयोगांक संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन सीआरएसटी सभागार में मिथिलेश पांडे के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस दौरान स्व.निर्मल पांडे को उसके जयंती पर याद करते हुए बोधायन रचित हास्य नाटक भगवत अज्जुकम की प्रस्तुति दी गई। जिसका निर्देशन मदन मेहरा,सह निर्देशन उमेश कांडपाल व जावेद हुसैन ने किया। इस दौरान नाट्य प्रस्तुति कमें प्रयोगांक संस्था की ओर से मिथिलेश पांडे, हरीश राणा, हेमंत बिष्ट को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान संगीत निर्देशन नवीन बेगाना, गीत हेमंत बिष्ट, मदन मेहरा, अमन कुमार, आदित्य कुमार, पंकज आर्य, काव्यांश कुमार, प्रियांशु बिष्ट, योगिता तिवारी, प्राची कड़ाकोटी, उन्नति साह, उमा, अनवर रज़ा,अमन महाजन, मोनिका आर्य, रिचा, हर्ष सहदेव, आकाश, अनिल कुमार, मुकेश धस्माना, हेमंत बिष्ट, जहूर आलम, भुवन तिवारी, मुकेश धस्माना, नासिर अली, जीकेए गौरव बब्बी, राजीव लोचन साह, घनश्याम लाल साह, मंजूर हुसैन, ईशा साह, राजेश आर्य,अदिति खुराना समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## डीएसए ग्राउंड में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर द्वारा आज रविवार को मल्लीताल डीएसए ग्राउंड में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन प्रात: 7:30 बजे डीएसडब्ल्यू एवं निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो ललित तिवारी शुभारंभ किया गया। कार्यकारी व विभाग अध्यक्ष डॉक्टर संतोष कुमार ने विशिल बजाकर दौर की शुरुआत की क्रॉस कंट्री दौड़ में महिला वर्ग में मोनिका टम्टा प्रथम, शिवानी आर्य द्वितीय तथा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में दीपांशु भट्ट ने प्रथम ,हितेश पाल पांडिया द्वितीय तथा आशीष सिंह ज्याला ने तृतीय स्थान प्राप्त की है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा बाइक यात्रा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भाजपा युवा मोर्चा नैनीताल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हल्द्वानी विधानसभा में तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन एच.एन इंटर कॉलेज से जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला के नेतृत्व में किया गया।

तिरंगा यात्रा रामपुर रोड से नैनीताल रोड प्रमुख मार्गों से होकर शहीद पार्क निकट जजी में यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में सभी युवा शक्ति भारत माता की जय और वन्देमातरम के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। पुरे नगर का माहौल तिरंगामय हों गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कार्तिक ने कहाँ की तिरंगा हमारी आन, बान, शान है। युवा मोर्चा पुरे देश में घर घर तिरंगा फहरायेगा। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हरबोला,हिमांशु मिश्रा, प्रदीप बिष्ट, भुवन जोशी, नीरज बिष्ट, योगेंद्र भट्ट सहित सैकड़ो युवा शामिल रहे।



# जायसवाल कलवार समाज समिति पंजी0 की एक आम सभा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जायसवाल कलवार समाज समिति पंजी0 की एक आम सभा क्रिस्टल लॉन रामपुर रोड में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत 3 वर्षों के कार्यकाल के विवरण दिया।

जिसमें सहस्त्रार्जुन देव जयंती, सहस्त्रार्जुन मार्ग, तीज महोत्सव, होली महोत्व, वैश्य महासभा चुनाव में अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल चुना जाना एवं अतुल जायसवाल का युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष चुना जाना पर समाज द्वारा उनका अभिनंदन किया गया , आदि कार्यक्रम भी किये गए, इसके उपरांत जायसवाल समाज के चुनाव संपन्न कराए



गए। कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया, जिसे सदन द्वारा पास किया गया। सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे। इसके बाद आगामी 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष के लिए राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, महामंत्री कन्हैया जायसवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद जायसवाल को चुना गया। महिला समिति में अध्यक्ष खुसबू जायसवाल, महामंत्री छवि जायसवाल को चुना गया। युवा समिति में अध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल, महामंत्री सचिन जायसवाल को चुना गया। चुनाव समिति में गंगा प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल, रामबाबू जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल, सुमित जायसवाल रहे। चुनाव अधिकारियों ने सबका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मनोज जायसवाल, अतुल जायसवाल, विजय जायसवाल, गिरिश जायसवाल, संतोष जायसवाल, राजेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, शंकर जायसवाल, विजय जायसवाल, जमुना प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल, राधेश्याम जयसवाल, रमेश जायसवाल बिनु जायसवाल, सुचित्रा जायसवाल, विधि जायसवाल, सुनीता जायसवाल,प्रेरणा जायसवाल , स्वाति जायसवाल, हेमा जायसवाल, कुसुम जायसवाल ,सुमन जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।